<u>समाचार</u>

# अधिकाधिक वृक्षारोपण कर कोरबा को बनाए हरा भरा –महापौर

## (स्याहीमुड़ी रामनगर में महापौर ने किया पौधों का रोपण)






कोरबा 17 जुलाई 2017 – महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आज कहा है कि अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर अपने शहर कोरबा को हरा–भरा बनाए, यहां की सबसे बड़ी समस्या प्रदूषण की समस्या से निपटने का सबसे महतवपूर्ण कदम होगा कि अधिक से अधिक संख्या में पौधे का रोपण किया जाए तथा उनकी सुरक्षा एवं उनका संवर्धन सुनिश्चित किया जाए।

उक्ताशय के विचार महापौर श्रीमती अग्रवाल दर्री जोनांतर्गत स्याहीमुड़ी रामनगर में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किए। नगर पालिक निगम कोरबा के दर्री जोन के अंतर्गत आने वाले स्याहीमुड़ी रामनगर विद्यालय परिसर में मारूतिनंदन युवा समिति रामनगर स्याहीमुड़ी एवं विद्यालयीन छात्र–छात्राओं के तत्वाधान में वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया, आयोजन की मुख्य अतिथि के रूप में महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान की तथा विद्यालय परिसर में पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए महापौर श्रीमती अग्रवाल ने आगे कहा कि वृक्ष हमारे जीवनदाता हैं तथा पेड़ पौधों से ही हमें भोजन प्राप्त होता है, वे हमें प्राण वायु के रूप में आक्सीजन देते हैं, पेड़ पौधों के बिना जीव मात्र की कल्पना नहीं की जा सकती हैं, हम सभी का यह परम दायित्व बनता है कि हम अधिक से अधिक मात्रा में पौधों को लगाएं किन्तु पौधों को लगाना ही काफी नहीं बल्कि उनकी सुरक्षा एवं उनका संवर्धन भी उतना ही महत्वपूर्ण है। महापौर श्रीमती अग्रवाल ने आगे कहा कि निगम द्वारा वृक्षमित्र योजना प्रारंभ की गई है, इस योजना के तहत वृक्षारोपण के इच्छुक व्यक्तियों को निगम निःशुल्क पौधे उपलब्ध कराएगा, जो नागरिकबंधु पौधे लगाने के इच्छुक हैं वे निगम से निःशुल्क रूप में विभिन्न प्रजातियों के पौधों प्राप्त कर सकते हैं।

इस अवसर पर सभापति धुरपाल सिंह कंवर, एम.आई.सी. सदस्य सुनील पटेल, पार्षद अघनबाई कंवर, दर्री टी. आई. साधना सिंह, समाज सेविका मंगल बुधिया, विधायक प्रतिनिधि जाकीर अहमद, बनवारी आदित्य, आशीष अग्रवाल,

जितेन्द्र बरेठ, सत्येन्द्र साहू, हेमेश्वर श्रीवास, शोभितराम साहू, वीरेन्द्र राठौर, सोमनाथ जायसवाल, राजेश राठौर, दुर्गेश राजपूत, संतोष सारथी, मनोज श्रीवास, शैलेन्द्र गिरी, दिनेश गोस्वामी, समारू राम, चन्द्रकांत आदि के साथ काफी संख्या में अन्य नागरिकगण उपस्थित थे।